हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024
[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]







# वचनामृत संजीवनी

# राजसूय महायज्ञ

## मूल मंत्र- ॐ नमो भगवते वासुदेवाय

## 1 जनवरी 2025 से 26 जनवरी 2025



**यज्ञाहुति समय**

**प्रातः 11:00 बजे से**
**दोपहर 01:00 बजे तक**



**विशेष**

**२६ जनवरी २०२५**

**उतार चढ़ाव बरा कड़ही**

संत श्री माता जी
संस्थापक
**तीर्थराज देवि निकुंभला**
राजलक्ष्मी मंदिर
जय शक्ति आश्रम
ग्राम – निकुम, जिला – दुर्ग (छ.ग.)

**तत्व तत्व से बनेगा तीर्थराज देवि निकुंभला धाम। एक दिन सारे जगत में होगा छत्तीसगढ़ का नाम॥**

क्रमशः

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024




जामगांव बी में धूमधाम से मनाई गई भगवान सहस्रबाहु ..

10


नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल को ...









## खबर संक्षेप


### भाठागांव(बी) में श्रीमद् भागवत कथा 20 से

**बालोद/सिकोसा।** बस स्टैण्ड भाठागांव(बी) में 20 से 26 नवंबर तक शांति देवी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक संत राजीव नयन जी महाराज एवं संदीप नयन श्रीधाम वृंदावन होंगे। कथा के आयोजक दोषणलाल साहू, संध्या साहू, वीरेंद्र साहू, डामिन, नारायण, शशि साहू होंगे।



### रमतरा निवासी तीजूराम ने की पीएम सम्मान निधि की मांग

**बालोद।** ग्राम रमतरा निवासी तीजूराम साहू ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि राशि दिलाई जाने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि उन्हें प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना अंतर्गत पूर्व में विधिवत सभी दस्तावेजों की ऑनलाईन कृषि विभाग द्वारा कराया था। प्रारंभ में उन्हें किसान सम्मान निधि तीन किस्तों की राशि बैंक खाता के माध्यम से प्राप्त हुई है, किन्तु विगत 6–7 किश्तें अभी तक उन्हें प्राप्त नहीं हुई हैं। उनके द्वारा उक्त राशि प्राप्त के लिए कृषि विभाग की प्राधिकृत अधिकारियों की हिदायत से अपना बैंक खाता पोस्ट ऑफिस शाखा तार्री में भी खुलवाया गया था, फिर भी उनका किसान सम्मान राशि अब तक नहीं आई है। इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री सम्मान निधि से अप्राप्त किस्त अविलंब दिलाने के लिए ज्ञापन सौंपा है।



### गुण्डरदेही-धमतरी मुख्य मार्ग पर जगह-जगह गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी



**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही से धमतरी मुख्य मार्ग पर कई जगह बड़े बड़े गड्ढों के कारण लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्ग पर ग्राम कलंगपुर के समीप भटगांव, पेन्डरी चौक पर सड़क के बीचों बीच बहुत से गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में अक्सर दो पहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है। आसपास के लोगों ने बताया कि गड्ढो को पाटने के लिए संबंधित विभाग द्वारा गिट्टी-मुरुम डालकर खानापूर्ति कर दी जाती है, लेकिन कुछ ही दिनों में गड्ढों की स्थित फिर ज्यों की त्यों हो जाती है।

### डोंडी में जिलास्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम 15 को

**बालोद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के आदिवासी बाहुल्य एवं विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी के पुलिस मैदान में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के जिलास्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग होंगे।

### रेडक्रास के आजीवन सदस्यों की सामान्य सभा आज

**बालोद।** कलेक्टर एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला बालोद के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के दिशा–निर्देशन में जिला प्रबंधन समिति का गठन किया जाना है। इंडियन रेडक्रास सोसायटी के जिला सचिव ने बताया कि इस संबंध में रेडक्रास के समस्त आजीवन सदस्यों की सामान्य सभा की बैठक 13 नवम्बर को टॉउन हॉल बालोद में दोपहर 03 बजे आयोजित की गई है। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी के समस्त आजीवन सदस्यों को बैठक में परिचय पत्र के साथ उपस्थित होने को कहा है।

---

**धान खरीदी :** इस वर्ष किसानों से बॉयोमेट्रिक पद्धति से की जाएगी शत-प्रतिशत खरीदी

# जिले के 143 उपार्जन केंद्रों में कल से धान बेच सकेंगे 1 लाख 54 हजार 144 किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में बालोद जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 में समर्थन मूल्य पर 14 नवंबर से धान खरीदी की जाएगी। इसके लिए जिले के 143 धान उपार्जन केन्द्रों में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में खरीफ वर्ष 2024–25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 1 लाख 54 हजार 144 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिसमें धान बोनी रकबा 01 लाख 64 हजार 576 हेक्टेयर है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी पंजीकृत किसानों से शत-प्रतिशत बॉयोमेट्रिक से की जाएगी।

यदि किसान का अंगूठा मिलान नहीं करता है, तो उनके द्वारा नियुक्त नामिनी द्वारा धान का विक्रय किया जा सकेगा। उसके उपरांत भी यदि कोई समस्या आती है, तो तीसरा विकल्प ट्रस्टेड पर्सन एवं चौथा विकल्प मोबाईल ऐप से ओटीपी के माध्यम से धान की खरीदी की जाएगी। इस तरह इस वर्ष किसानों को धान के विक्रय के लिए चार प्रकार की सुविधा दी गई है। ▶▶| शेष पेज 10 पर





### धान खरीदी की तैयारी अंतिम चरण पर



किसानों द्वारा धान की बिक्री करने टोकन कटाने का सिलसिला जारी है, तो वहीं उपार्जन केंद्रों में समितियों द्वारा धान खरीदी करने युद्धस्तर पर तैयारी अंतिम चरण पर है। मिली जानकारी के अनुसार प्रशासन द्वारा सभी उपार्जन केन्द्रों में बारदाना उपलब्ध कराया जा चुका है। 50 फीसदी नए और 50 फीसदी पुराने बारदाने के माध्यम से धान खरीदी कि जाएगी। इसके लिए 4678600 लाख नए बारदाना और 586383 लाख पुराना बारदाना उपलब्ध है। जिला विपणन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 8 हजार गठान बारदाना पहुंचाया गया है, जो आगामी एक माह के लिए पर्याप्त है। बारदाने की कमी होने पर और मंगा लिया जाएगा। समिति प्रबंधकों द्वारा धान खरीदी के लिए स्टेक, सुरक्षा घेराव, लाइट, सीसी टीवी कैमरा सहित किसानों के लिए पीने का पानी सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने तैयारी की जा रही है।

### किसानों को धान बेचने में कोई कठिनाई न हो : चंद्रवाल

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को शासन के विशेष प्राथमिकता वाले योजना बताते हुए जिले में इस कार्य को निर्विघ्न एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में राजस्व, खाद्य, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य के अंतर्गत किसानों को अपने धान की बिक्री करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। बैठक में चन्द्रवाल ने धान बिक्री करने वाले किसानों की पंजीयन की स्थिति, इसका समुचित प्रचार–प्रसार तथा धान खरीदी केन्द्रों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी धान खरीदी केन्द्रों में धान बिक्री के लिए आने वाले किसानों के लिए बैठक, छांव एवं पेयजल तथा शौचालय आदि की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी धान खरीदी केन्द्रों में इंटरनेट, विद्युत व्यवस्था के अलावा नमी मापक यंत्रों तथा खरीदी गए धान के समुचित रखरखाव एवं देखभाल की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने राजस्व एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से धान खरीदी कार्य की मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि केवल वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे की ही धान की खरीदी सुनिश्चित हो सके।



### छोटे किसानों को 2 और बड़े को 3 बार टोकन कटवाने की सुविधा

जिला खाद्य अधिकारी ने पंजीकृत किसानों से अपील की है कि धान विक्रय के लिए टोकन कटाने के पूर्व भली–भांति देख लें कि वे यदि सीमांत या लघु कृषक हैं, तो उन्हें 02 ही बार टोकन धान विक्रय के लिए मिलेगा। उसी प्रकार दीर्घ कृषकों को 03 बार टोकन में ही उत्पादित धान का विक्रय करना होगा। उन्होंने बताया कि यदि किसान अपना उत्पादित धान विक्रय करने के बाद शेष रकबा बचता है, तो समिति को लिखित में सहमति पत्र दे सकते हैं, कि वे अब और धान नहीं बेचना चाहते हैं।

### व्यापारी, कोचिया या अन्य किसान का धान अपने खाते से न बेचें

किसी भी स्थिति में किसी व्यापारी, कोचिया या अन्य किसान का धान अपने पंजीयन के खाते में विक्रय न करें। जांच के दौरान ऐसी स्थिति पाए जाने पर संबंधित को कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि धान साफ–सुथरा एवं सुखाकर लाएं। यदि धान में कंकड़, पत्थर बदरा (औसत अच्छी किस्म का नहीं) होने से एवं 17 प्रतिशत से नमी अधिक होने पर धान की खरीदी नहीं हो सकेगी।

---

## धूमधाम से मनाई गई देवउठनी एकादशी



**दल्लीराजहरा।** नगर सहित क्षेत्र में देवउठनी एकादशी के अवसर पर धूमधाम से पारंपरिक रूप से तुलसी पूजा की गई। स्थानीय निवासियों ने तुलसी की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर भगवान शालिग्राम के साथ देवी तुलसी का विवाह रचाया गया। इस अवसर पर कुछ स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। इस तरह, पूरे शहर में उल्लास और भक्ति का माहौल बना रहा। दल्लीराजहरा शहर में इस बार तुलसी पूजा के अवसर पर गन्नों की अच्छी मांग रही।

### देवउठनी पर खूब बिके गन्ने



**गुरूर।** क्षेत्र में देवउठनी एकादशी पर तुलसी विवाह के लिए बड़े पैमाने पर गन्ने की खरीदी की गई। गन्ना खरीदने पहुंचे समाज सेवी जयंत किरी ने बताया कि तुलसी विवाह पर गन्ने से मंडप बनाया जाता है। इस साल गन्ने की कीमत 50 रूपए से लेकर 200 रूपए जोड़ी तक रही।

## महिला खेलकूद प्रतियोगिता आज से

हरिभूमि न्यूज:बालोद

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला बालोद द्वारा विकासखण्ड एवं जिलास्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2024–25 का आयोजन किया जा रहा है।

■ जिला प्रशासन ने जारी की खेल प्रभारियों की सूची

संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन के स्थान एवं अन्य विस्तृत जानकारी संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि गुरूर एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में प्रतियोगिता का आयोजन 13 एवं 14 नवंबर को प्रस्तावित है। इसके लिए गुरूर विकासखण्ड के प्रभारी अधिकारी ललित चन्द्राकर, जिनका मोबाईल नंबर 9407658283 तथा सहायक प्रभारी अधिकारी जीएस जुरेशिया, जिनका मोबाईल नंबर 7587047666 है। इसी तरह डौण्डीलोहारा के प्रभारी अधिकारी हिमांशु मिश्रा, जिनका मोबाईल नंबर 9993840200 तथा सहायक प्रभारी अधिकारी धीरेन्द्र दिहारी ▶▶| शेष पेज 10 पर

### दो आयुवर्गों में होंगी प्रतियोगिताएं

उल्लेखनीय है कि महिला खेल प्रतियोगिता दो आयु वर्ग 09 से 18 एवं 18 से 35 वर्ष में आयोजित की जाएगी। दोनों आयु वर्गों में 10 खेलों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत 100 मीटर एवं 400 मीटर का तवा फेक, खो–खो, हॉकी, सिंगल एवं डबल्स बैडमिंटन, वालीबॉल, 50 एवं 53 किलोग्राम आयु वर्ग में कुश्ती, बास्केटबॉल फुटबॉल, 40 एवं 49 किलोग्राम के लिए वेटलिफ्टिंग एवं रस्साकसी सहित कुल 10 खेल शामिल हैं। महिला खेलकूद प्रतियोगिता में विकासखण्ड में निवासरत बालिका एवं महिला निर्धारित आयुवर्ग में भाग ले सकते हैं। आयु के संबंध में खिलाड़ियों को जन्म तिथि के संबंध में आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना होगा। विकासखण्ड स्तर से चयनित खिलाड़ी ही जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे।

## एसडीएम की शिकायत करने कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गिधवा गांव के सैकड़ों ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने डौंडीलोहारा एसडीएम की कार्यशैली से नाराज जताई। ग्राम गिधवा के ग्रामीणों ने बताया कि कोटवार टेकराम देवांगन की कार्यशैली से परेशान होकर उन्हें कोटवार पद से प्रशासन द्वारा हटवा दिया गया, लेकिन कोटवारी जमीन पर उन्होंने अभी भी कब्जा जमाया हुआ है और धान की बुआई भी करता है। ग्रामीणों ने नए कोटवार की नियुक्ति और पूर्व कोटवार को सेवा भूमि से बेदखल करने के लिए कई बार प्रशासन से मांग की। लेकिन प्रशासन द्वारा इस पूरे मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे नाराज ग्रामीणों ने डौंडीलोहारा एसडीएम के खिलाफ नाराजगी जाहिर की।

इसके साथ ही 5 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। इसी मामले में डौंडीलोहारा एसडीएम की शिकायत करने ग्रामीण मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंच गए। लेकिन, ग्रामीणों की कलेक्टर से मुलाकात करने से पहले ही डौंडीलोहारा एसडीएम ने ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीण काफी आक्रोशित नजर आए एसडीएम को ही खरीखोटी सुना दी।

---

**विधायक संगीता ने राज्य सरकार पर लगाया आरोप**

## रेस्टोरेंट में शराब बेचकर लोगों को नशे में डुबोना चाहती है सरकारः संगीता सिंहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

प्रदेश की भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ की जनता को शराब के नशे में डूबोकर अपनी नाकामी को छिपाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार ने पहले शराब दुकानों को सड़क किनारे ला दिया और अब वह आम जनता को शराब की सहज उपलब्धता प्रदान कर युवा व संभ्रांत वर्ग को शराब के नशे में डूबोना चाहती है।

उक्त आरोप विधायक संगीता सिन्हा ने सरकार द्वारा रेस्टोरेंट में शराब विक्रय का निर्णय लिए जाने के संबंध में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अपने वादों को पूरा नहीं कर पा रही है। युवाओं को रोजगार प्रदान नहीं कर पा रही है, लगभग सभी वादे अधूरे हैं। भाजपा के वादों को याद दिलाने के लिए विभिन्न संगठन लगातार हड़ताल कर रहे हैं, इन सबसे ध्यान हटाने के लिए सरकार प्रदेश की जनता को शराब के नशे मे डूबोने का काम कर रही है।



संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया कि बीते ग्यारह माह में प्रदेश में अपराध में अत्यधिक वृद्धि हुई है। महिलाएं सुरक्षित नहीं है। प्रदेश की भाजपा सरकार की लचर कानून व्यवस्था का परिणाम है कि प्रदेश की अधेड़ महिलाएं, मासूम बच्चे भी अब असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन पर भी अप्राकृतिक अपराध बढ़ा है। प्रदेश में चोरी व अन्य अपराधों में भी वृद्धि हुई है। विधायक श्रीमती सिन्हा ने कहा कि अब रेस्टोरेंट में भी शराब परोसे जाने से अपराध और ज्यादा बढ़ेगा।

### और बढ़ेंगी सड़क दुर्घटनाएं

संगीता सिन्हा ने कहा कि प्रदेश सरकार सड़कों पर सुरक्षा उपाय न कर जगह जगह शराब का विक्रय कराकर नशाखोरी को बढ़ावा दे रही है। ऐसे में सड़क दुर्घटना में भी बढ़ोत्तरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि आम तौर पर यह बात सामने आई है कि सड़क दुर्घटनाओं के कारणों में मुख्य रूप से शराब के नशे में वाहन चलाना सबसे बड़ा कारण है। उन्होंने प्रदेश सरकार से रेस्टोरेंटों में शराब विक्रय के निर्णय को अविलंब वापस लेने की मांग की है।

## बाइक व पिकअप में टक्कर, तीन घायल

**डौंडीलोहारा।** संबलपुर से कोटेरा-खरखरा तिराहा पर मंगलवार सुबह बाइक व पिकअप वाहन में आमने सामने की टक्कर हो गई। इससे बाइक सवार कालेज के स्टूडेंट्स गिर पड़े व उन्हें चोट लगी। साथ ही साथ पिकअप के सामने के हिस्से के साथ ही बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बाइक चालक तरुण सिन्हा व पीछे बैठे दो अन्य छात्रा हिना व तोमेश्वरी कालेज जाने के लिए बाइक पर निकले थे। इस बीच खरखरा मार्ग पर एक पिकअप वाहन के साथ आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार गिर पड़े, जिससे उन्हें चोट आई है। राहगीरों ने उनकी मदद की, पानी पिलाया व परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद उन्हें नगर के शासकीय अस्पताल लाया गया, जहां उपचार किया गया। टीआई वीणा यादव ने बताया कि इस मामले में पुलिस में किसी ने भी मामला दर्ज नहीं कराया है।




हरिभूमि
**पाठक सूचना**

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### माहुद बी में मां सरस्वती मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही विकासखंड के ग्राम सिर्राभाठा निवासी राजेश कुमार सिन्हा ने अपने दिवंगत माता-पिता की स्मृति में हायर सेकेंडरी स्कूल माहुद बी में मां सरस्वती का मंदिर बनवा रहे हैं। स्कूल स्टाफ तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया।


### दूसरे वार्ड में चला गया परिवार के कई सदस्यों का नाम

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत कलंगपुर की मतदाता सूची में वार्ड क्रमांक में फेरबदल होने से उसे फिर से संशोधन करने व सुधरवाने के लिए मतदाताओं को स्कूल व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पास चक्कर काटना पड़ रहा है। कलंगपुर निवासी डिलेश्वर साहू ने बताया कि वे ग्राम पंचायत कलंगपुर के वार्ड क्रमांक 11 के रहने वाले हैं। उनके पूरे परिवार वालों का नाम शुरू से उसी वार्ड में आ रहा था और पिछले चुनाव में भी अपने ही वार्ड से मतदान किया था। लेकिन, इस बार जारी मतदाता सूची में उनके परिवार के दो सदस्यों का नाम दूसरे वार्ड में चला गया है। इसी तरह से गांव के बहुत से मतदाताओं का नाम भी अपने वार्ड के बजाय दूसरे वार्ड में चला गया है। लोगों ने बताया कि इसे सुधरवाने के लिए मतदाता अपना कामकाज छोड़ कर स्कूल व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं च्वाइस सेंटरों का चक्कर लगा रहे हैं।

## निधन

### बाबूलाल देशमुख

**बालोद/निकुम।** ग्राम पिसेगांव इंदिरा चौक निवासी 101 वर्षीय बाबूलाल देशमुख का निधन हो गया। वे रामप्यारी, बेलचंदन, पुन्नी देशमुख, नेमबती देशमुख के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम पिसेगांव मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में वासुदेव देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।



**जयंती : माताओं एवं बहनों ने गांव में निकाली मंगल कलश यात्रा**

# जामगांव बी में धूमधाम से मनाई गई भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम जामगांव बी में तहसील स्तरीय सहस्त्रबाहु जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समाज की माताओं एवं बहनों ने मंगल कलश यात्रा निकाली। इसके तहत भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा के साथ भजन कीर्तन करते हुए ग्राम का भ्रमण किया गया।

■ कार्यक्रम के दौरान समाज की प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

कार्यक्रम की शुरुआत जिलाध्यक्ष चमन लाल ने भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण के साथ की। उन्होंने भगवान सहस्त्रबाहु को हजार भुजाओं की ताकत रखने वाले कार्तवीर्य बताया, जो कि कलार समाज के लिए गौरव की बात है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सासंद भोजराज नाग थे। उन्होंने इस आयोजन को खूब सराहा। सांसद श्री नाग ने कक्षा 10वीं, 12वीं व कालेज के मेधावी छात्रों तथा समाज में निःस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले राजेश सिन्हा व किशन गजेंद्र को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश कुमार सिन्हा ने की। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को मिलकर रहने की बात कही। समाज ने नारी वर्ग की उत्थान करते हुए वृद्ध सियान सम्मान समारोह 2024 का आयोजन भी किया। उपरोक्त कार्यक्रम में प्रांतीय कोषाध्यक्ष डॉ बिसम्भर सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य देवी लाल डड़सेना, जिपं. सदस्य धनेश्वरी सिन्हा, संरक्षक ओमप्रकाश गजेंद्र, जिला मंत्री चन्द्रहास सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष हरदेव सिन्हा, महिला मंच जिलाध्यक्ष रेणुका सिन्हा, देवलाल सिन्हा, सरपंच लीलाराम डड़सेना, इन्दु सिन्हा, पुष्पा देवांगन सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन दानेश्वर सिन्हा व घनश्याम सिन्हा ने किया।





### मजबूत संगठन से ही होता है समाज का उत्तरोत्तर विकास : पवन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पवन साहू ने समाज में सभी वर्ग के लोगों से सामंजस्य से रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन से ही समाज का उत्तरोत्तर विकास होता है। राकेश यादव ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज में इस तरह के आयोजन होने से समाज में एकता अखंडता बनी रहती है। पूरे कार्यक्रम के दौरान समाज की बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। समाज में सामाजिकता की भावना व लोगों को धर्म से जोड़े रखने के लिए बालि-सुग्रीव की कथा रामधुनी सोहतरा के माध्यम से प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर समाज प्रमुखों, क्षेत्राधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, युवा मंच तथा महिला मंच के सदस्यों तथा सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

# नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल को कांग्रेस ने दिया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश नगरी निकाय अधिकारी कर्मचारी संघ द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में तीन दिवसीय हड़ताल की जा रही है। हड़ताली कर्मचारियों को समर्थन देने के लिए उनके धरनास्थल पर दल्ली राजहरा के कांग्रेसजनों ने जाकर उनकी मांगों को जायज ठहराते हुए उनका समर्थन किया।

■ कांग्रेस नेताओं ने कहा- कर्मचारियों की मांगें जायज, जल्द पूरी करे सरकार

कांग्रेस जनों ने एक स्वर में कहा कि नगरी निकाय के समस्त कर्मचारियों को 1 तारीख को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान करना शासन की जिम्मेदारी है, यह आवश्यक रूप से किया जाना चाहिए। प्लेसमेंट कर्मचारियों को जो एक लंबे समय से कार्य कर रहे हैं, उन्हें भी नियमित कर्मचारियों के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। शासन के विभिन्न विभागों में अनुकंपा नियुक्ति का भी प्रावधान है। इस प्रावधान को नगरीय निकाय के कार्यरत कर्मचारी पर भी लागू किया जाना चाहिए, ताकि उन्हें संभाग स्तर पर रिक्त पदों पर नियुक्त करके प्रभावित परिवार की मदद की जा सके। समर्थन देने गए कांग्रेस नेताओं को हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि छठवें एवं सातवें वेतनमान के एरियर्स का भुगतान करना चाहिए। दल्ली राजहरा के कांग्रेस जनों ने नगरीय निकाय के कर्मचारियों की मांगों का पुरजोर समर्थन करते हुए जल्द पूरा करने की मांग शासन से की। वहीं, समय पर उनकी मांगों को पूरा नहीं करने पर आंदोलन को गति प्रदान करने की चेतावनी दी।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया के प्रतिनिधि रतिराम कोसमा, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष उपस्थित थे। यह जानकारी रतिराम कोसमा महामंत्री (प्रभारी) जिला कांग्रेस कमेटी ने दी।

**बेलोदी में जनजातियों के गौरवशाली अतीत पर हुआ कार्यक्रम**

# जनजातियों को बचाने जल, जंगल व जमीन बचाना अत्यंत आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा




शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलोदी में जनजातियों के गौरवशाली अतीत पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार दुर्गा प्रसाद पारकर थे, अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सीएल ठाकुर ने की।

मुख्य वक्ता शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव के सहायक प्राध्यापक गणेश नेताम थे। कार्यक्रम का आरम्भ जनजातीय महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं छत्तीसगढ़ के राजगीत से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य श्री ठाकुर ने जनजातियों के गौरवशाली अतीत पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता नेताम ने पराधीन भारत में जनजातियों द्वारा आजादी के लिए किये गए आंदोलन से विद्यार्थियों को परिचित कराया तथा कहा कि जनजातियों को बचाने के लिए हमें जल, जंगल और जमीन को बचाना अति आवश्यक हो गया है। **जनजातियों की लोक कला एवं गीतों को बचाना आवश्यक : पारकर:** मुख्य अतिथि पारकर ने जनजातियों की लोक कला एवं लोक गीत पर अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने गोंडी, हलबी, हिंदी आदि भाषाओं में जनजातियों के लोक गीत सुनाकर कार्यक्रम को रोचक बना दिया। उन्होंने कहा कि जनजातियों की लोक कला एवं लोक गीत को हम भूलते जा रहे हैं, इन्हें बचाना बहुत जरुरी हो गया है, क्योंकि भारत के मूल निवासी यही जनजाति हैं।

### जनजातियों से संबंधित वीडियो का किया गया प्रदर्शन

अतिथि व्याख्याता विनीता मेश्राम ने प्रोजेक्टर के माध्यम से जनजातियों पर वीडियो क्लिप दिखाया। कार्यक्रम के संयोजक सहायक प्राध्यापक राहुल उपाध्याय थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप देवांगन एवं स्वयं सेवकों का पूरा सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बिसनाथ साहू तथा आभार प्रदर्शन डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

### बुजुर्ग महिलाओं का किया गया सम्मान




**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम संबलपुर में शिक्षा एवं स्वास्थ्य पोषण समिति द्वारा स्वास्थ्य की गुणवत्ता पर लगातार कार्य करते हुए ग्राम में एक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र अजनबी पंचायत प्रतिनिधि द्वारा वृद्ध महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए श्रीफल प्रदान किया। मितानिन प्रेरक ऐश्वर्यामति तिवारी, मितानिन रेखा जोशी, कमलेश्वरी पटेल, कचरी गोस्वामी, फातिमा साहू, कमरुन निशा खान, शीतल साहू के अलावा बिंदा बाई, दसोदा बाई, नीरा जोशी, बसंती बाई, समारी बाई, कुमारी बाई और ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### जिले के 143 उपार्जन केंद्रों ...

शासन के निर्देशानुसार सीमांत एव लघु कृषकों से 02 टोकन में एवं दीर्घ किसानी से 03 टोकन में धान की खरीदी की जाएगी। धान की खरीदी के लिए सभी उपार्जन केन्द्रों में नए जूट बारदाने प्रदाय किए गए हैं। साथ ही पुराने बारदाने नियमित रूप से उपार्जन केन्द्रों में भेजे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष धान की खरीदी शत-प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक तराजू से की जाएगी।

### महिला खेलकूद ...

जिनका मोबाईल नंबर 7987256879 है। इसी तरह बालोद, गुण्डरदेही एवं डौण्डी विकासखण्ड में प्रतियोगिता का आयोजन 18 एवं 19 नवंबर 2024 को प्रस्तावित किया गया है। जिसमें बालोद विकासखण्ड के प्रभारी अधिकारी बसंत बाघ, जिनका मोबाईल नंबर 9340008561 तथा सहायक प्रभारी अधिकारी केएन योगी जिनका मोबाईल नंबर 7974759199 है। गुण्डरदेही विकासखण्ड के प्रभारी अधिकारी नवीन कुमार यादव, जिनका मोबाईल नंबर 9424123597 तथा सहायक प्रभारी अधिकारी टीकाराम साहू, जिनका मोबाईल नंबर 7697131935 है। डौण्डी विकासखण्ड के प्रभारी अधिकारी जेएस भारद्वाज, जिनका मोबाईल नंबर 9691562199 तथा सहायक प्रभारी अधिकारी मंजुला यदु, जिनका मोबाईल नंबर 9425290303 है।

### चौलेश ने 53 वीं बार किया रक्तदान



**गुरूर।** विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष एवं समाज सेवी चौलेश देशमुख ने 53 वीं बार रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आती, बल्कि शरीर पहले की अपेक्षा ज्यादा स्वस्थ लगता है। उन्होंने कहा कि सभी स्वस्थ युवाओं को रक्तदान करना चाहिए।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरुपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक: 17 दिसंबर 2024, 21 दिसंबर 2024, 24 दिसंबर 2024, 19 जनवरी 2025, 26 फरवरी 2025, 16 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
● स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस ● Back Pain, सायटिका ● जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
● जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना ● टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी ● सर दर्द, पॅरालिसीस ● स्पांडिलाइटिस ● गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
08 जनवरी से 18 जनवरी 2025
19 फरवरी से 01 मार्च 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग
राशिः-स्लीपर-16500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर ● भिलाई ● बिलासपुर ● रायपुर ● जगदलपुर ● कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130